Regarding alleged killing of an individual in Ayodhya

श्री अवधेश प्रसाद **(फैज़ाबाद) :** माननीय सभापति जी, आज उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बिलकुल ध्वस्त है । वहां बड़े पैमाने पर अनुसूचित जाति के लोगों का उत्पीड़न हो रहा है । मैं अपने संसदीय क्षेत्र के जनपद अयोध्या के मिल्कीपुर क्षेत्र जो हमारा विधान सभा क्षेत्र भी रहा है । पाराखानी कुर्मी का पुरवा, थाना ? खन्डासा, मिल्कीपुर की गायत्री देवी, पत्नी श्री हनुमान प्रसाद पासी के साथ 18 मार्च 20025 को एक घटना हुई । वह महिला अपने भूखे बच्चों के लिए खाना बना रही थी । उसी समय थाना खन्डासा की पुलिस और मिल्कीपुर के एसडीएम ने अपने कर्मचारियों के साथ आकर उसके घर को ढहना शुरू किया । उस महिला ने आपत्ति जतायी कि मेरे बच्चे अभी भूखे हैं, उनके लिए मैं खाना बना रही हूं । लेकिन, पुलिस ने उनकी एक भी बात नहीं सुनी और उस महिला का बाल पकड़ कर सड़कों पर घसीटने का काम किया गया । उस महिला के भूखे बच्चे चिल्लाते रहे ।

श्रीमन्, यह एक गंभीर घटना है । मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि वह उत्तर प्रदेश की सरकार को निर्देशित करे । वहां जिस घर को ढहाया गया, वह घर पासी बिरादरी की एक महिला गायत्री देवी का है । मैं मांग करता हूं कि उस महिला को मुआवजा दिया जाए और दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए ।

श्रीमन्, हमारे ही क्षेत्र में एक गांव पाराखानी है । 28 वर्षीय राम भवन पासी जब अपने फूफा की लड़की की शादी के लिए जा रहा था, तब उसे जहर देकर मार दिया गया । आज तक इस मामले में गिरफ्तारी नहीं हुई । श्रीमन्, हम मांग करते हैं कि दोषी को गिरफ्तार किया जाए और 1 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाए । ? (व्यवधान)